## पूल कार्यालय

## राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर

क्रमांक पूल/राजुवास/2025–26/248-252

दिनांकः– 12/3/2026

### सीमित निविदा सूचना

पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के छात्रों के भ्रमण हेतु 2X 2 ए.सी. बस 42 (41+1) सीटर किराये पर लेने हेतु आपूर्तिकर्ताओं/सेवाप्रदाताओं से सीमित निविदा (ऑफलाइन) आंमत्रित की जाती है । सीमित निविदा पूल अधिकारी, राजुवास, बीकानेर के नाम से दिनांक 16.03.2026 को सुबह 10.30 बजे तक प्रस्तुत करनी होगी। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 16.3.2026 को सुबह 10.45 बजे गठित कमेटी द्वारा इच्छुक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

सीमित निविदा के लिए शर्तें निम्न प्रकार है :–

1) सीमित निविदा द्वारा प्रस्तुत दरों की वैधता 31 मार्च 2026 तक मान्य होगी।
2) उपापन की विषय–वस्तु स्वयं के प्रभारों से भिन्न कोई अन्य तत्व जैसे परिवहन बीमा प्रभार, जीएसटी इत्यादि , जो लागू हों ,कीमत में सम्मिलित किये जाने हैं।
3) सीमित निविदा की वित्तीय सीमा रु 2.00 लाख के अन्दर–अन्दर होगी ।
4) आपूर्तिकर्ताओ/सेवाप्रदाताओं द्वारा निर्धारित संलग्न प्रारूप में दरें प्रस्तुत करनी होंगी ।
5) निविदा के साथ जी0एस0टी0 नम्बर व आयकर पेन नम्बर की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी ।
6) भ्रमण हेतु बस का चक्रीय रूट बीकानेर – जयपुर – भरतपुर – मथुरा – इज्जतनगर (बरेली) – पंतनगर – रामनगर ( कॉर्बेट नेशनल पार्क) – देहरादून – बीकानेर रहेगा ।
7) बस किराये की दर प्रति किलो मीटर के हिसाब से प्रस्तुत करनी होगी । न्यूनतम किलोमीटर का भुगतान हेतु प्रारूप में अंकित करना होगा ।
8) उपापनकर्ता द्वारा वाहन में प्रयुक्त डीजल / ऑइल/ मरम्मत आदि का कोई खर्च वहन नहीं किया जायेगा। बोलीदाता अपने पास से इसमें प्रयुक्त खर्च हेतु अग्रिम राशि चालक दल को देने हेतु जिम्मेदार होगा।
9) बस अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दूरभाष से सूचना देने पर महाविद्यालय परिसर में निश्चित समय पर पहुँच जानी चाहिये।
10) निर्धारित तिथि व समय के बाद में प्राप्त बोली पर विचार नहीं किया जायेगा ।
11) बस किराये के बिलों का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा ।
12) सीमित निविदा के बन्द लिफाफे पर "वाहन किराये के लिए निविदा" अंकित करना आवश्यक होगा ।
13) अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी सीमित निविदा को बिना कारण बतलाए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा । जो सभी को मान्य होगा ।
14) किसी भी वाद विवाद का न्यायिक क्षेत्र बीकानेर होगा ।
15) मोटर वाहन अधिनियम में उल्लिखित वाहन संबंधी प्रावधानों के पालन यथा वाहन रजिस्ट्रेशन/बीमा/फिटनेस/पी.यू.सी. इत्यादि के कागजात पूर्ण होने चाहिये।
16) बस चालक के पास पँाच वर्ष का भारी यात्री वाहन चालन अनुभव और भारी यात्री वाहन चालक लाइसेंस पँाच वर्ष से अधिक पुराना होना आवश्यक होगा।

17) किलो मीटर की गणना यात्रा के रवाना स्थल यानि महाविद्यालय से मानी जावेगी। जिसका इन्द्राज लोग बुक में करके संबंधित भ्रमण यात्रा प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर कर बिल के साथ सलंग्न करके प्रस्तुत करना होगा।

18) वाहन यात्रा के दौरान बीच रास्ते में खराब होने की अवस्था में फर्म द्वारा दूसरा वाहन उपलब्ध करवाना होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। जिसका अतिरिक्त किसी प्रकार का भुगतान देय नही होगा।

19) स्वीकृत निविदादाता द्वारा टोल टैक्स/टी0 पी0/एन्ट्री फीस की रसीद प्रस्तुत करने पर इनका विश्वविधालय द्वारा भुगतान किया जावेगा । उक्त टोल टैक्स/टी0 पी0/एन्ट्री फीस किराये के साथ सम्मलित नहीं करना होगा ।

20) वाहन अच्छी कंडीशन में होना आवश्यक है । वाहन का मॉडल वर्ष 2024 से पुराना नहीं होना चाहिये। किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर वाहन की टूट–फूट /क्षति की मरम्मत का दायित्व बोलीदाता का होगा ।

21) बस में चालू हालात में अग्निशामक यंत्र, कम से कम दो आपातकालीन द्वार ( प्रत्येक ओर एक) होना आवश्यक है।

22) निविदा शुल्क राशि रू0. 200/– डी.डी./बैंकर चैक पूल अधिकारी,राजुवास, बीकानेर के नाम से देय होनी चाहिये। निविदा शुल्क रू0 200/– निविदा की अन्तिम तिथि 16.3.2026 को सुबह 10.30 बजे तक नगद भी जमा करवायी जा सकती है । निविदा शुल्क के बिना प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

23) जिस निविदादाता की दरें मंजूर होगी उस फर्म को रू0. 500/– के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर दो दिन के अन्दर अन्दर अनुबंध करना होगा ।

24) उपरोक्त शर्तो के अलावा राजुवास बीकानेर की सामान्य निविदा शर्ते व आरटीपीपी एक्ट 2012 व नियम 2013 भी लागू होंगे ।

25) अपील अधिकारी–

1. प्रथम अपील अधिकारी– कुल सचिव, राजुवास, बीकानेर।
2. द्वितीय अपील अधिकारी– कुलगुरू महोदय, राजुवास, बीकानेर ।

Sd -

पूल अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1) नोडल अधिकारी एस.पी.पी.पी./निसाजिनेट, राजूवास, बीकानेर, को भेजकर लेख है कि निविदा सूचना को आज ही पोर्टल पर अपलोड कर यू.बी.एन. नंबर प्रदान करें ।

पूल अधिकारी

Pool Officer
Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences
Bikaner (Raj.)

## पूल कार्यालय

## राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर

## सीमित निविदा सूचना का निविदा प्रपत्र

निविदादाता फर्म का नाम....................................

पता ..........................................................

..........................................................

मोबाइल नंबर..........................................................

**श्रीमान् पूल अधिकारी महोदय,**
**राजुवास, बीकानेर**

**विषयः–** पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के छात्रो के भ्रमण हेतु 2X 2 ए.सी. बस 42 (41+1) सीटर किराये हेतु सीमित निविदा।

सन्दर्भः– सीमित निविदा सूचना के संबध में ।

**महोदय,**

**उपरोक्त विषयान्तगर्त सीमित निविदा सूचना में** पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के छात्रो के भ्रमण हेतु 2X 2 ए.सी. बस 42 (41+1) सीटर किराये हेतु मेरी दरें निम्न प्रकार से प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ । **सीमित निविदा सूचना के साथ संलग्न समस्त शर्तें मुझे/हमें स्वीकार हैं।**

| क0सं0 | विवरण | दर (जीएसटी सहित) |
|---|---|---|
| 1. | 2X 2 ए.सी. बस 42 (41+1) सीटर किराये हेतु | **रू0. प्रति किलोमीटर** |

**नोटः–**

1) टोल टैक्स/टी0 पी0/एन्ट्री फीस की रसीद प्रस्तुत करने पर विश्वविधालय द्वारा अलग से भुगतान किया जावेगा ।
2) बस न्यूनतम.................... किलोमीटर प्रतिदिन चलनी चाहिए, इससे कम चलने पर ............ किलोमीटर प्रतिदिन का भुगतन किया जावेगा ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**